STATE BAR COUNCIL OF MADHYA PRADESH

(Statutory Body Constituted under the Advocates Act, 1961)
High Court Premises, Jabalpur - 482007 (M.P.)

HIGH POWERED ELECTION COMMITTEE

Justice Sushil Kumar Palo (Former Judge)
Returning Officer
Mob.: 9425006060, 6261311871

Email: sec.hpec@gmail.com
Website: www.sbcofmp.org
Tele.: 0761-4700083

एस.बी.सी/एम.पी./अधीक्षक/चुनाव 2026/परिपत्र कं-29/2026/ दिनांक-25.03.2026

प्रति,

अध्यक्ष/सचिव,
समस्त अधिवक्ता संघ,
मध्यप्रदेश

विषयः प्रारंभिक मतदाता सूची के संबंध में आपत्तियां प्रस्तुत करने की तिथि वृद्धि के संबंध में।

महोदय/महोदया,

यह अवगत कराना है कि कुछ अधिवक्ता जो दूरस्थ स्थानों में निवास करते हैं, उन्हें दिनांक 16-03-2026 को प्रकाशित प्रारंभिक मतदाता सूची के संबंध में समय पर जानकारी प्राप्त नहीं हो सकी। इस संबंध में विभिन्न अधिवक्ता संघों द्वारा आपत्तियां प्रस्तुत करने हेतु निर्धारित तिथि 24-03-2026 को बढ़ाए जाने का अनुरोध किया गया था।

उक्त परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए तथा हाई पावर इलेक्शन कमेटी की सहमति एवं आदेशानुसार, आपत्तियां/अभ्यावेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि को बढ़ाकर अब दिनांक 28-03-2026 (शनिवार) सायं 4:00 बजे तक निर्धारित किया जाता है, ताकि कोई भी अधिवक्ता/मतदाता अपने मतदान के अधिकार से वंचित न रहे।

अतः आपसे अनुरोध है कि अपने संघ के समस्त अधिवक्ताओं को सूचित करें कि जिन अधिवक्ताओं ने दिनांक 24-03-2026 तक अपनी आपत्ति/अभ्यावेदन प्रस्तुत नहीं किए हैं तथा जिनके नाम जारी प्रारंभिक मतदाता सूची दिनांक 16.03.2026 में सम्मिलित नहीं हैं, वे निर्धारित नवीन तिथि तक अपनी आपत्ति/अभ्यावेदन प्रस्तुत कर सकते है।

नोटः जिन अधिवक्ताओं द्वारा पूर्व में दिनांक 24.03.2026 तक आपत्ति/अभ्यावेदन प्रस्तुत किए जा चुके हैं, उन्हें पुनः आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है। ऐसे अधिवक्ताओं की अनुपूरक सूची परिषद की वेबसाइट पर उपलब्ध कराया गया है, अवलोकन कर सकते है।

25/03/2026.

न्यायमूर्ति एस.के.पालो(पूर्व न्यायाधीश)
निर्वाचन अधिकारी
मध्यप्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद

न्यायमूर्ति एस. के. पालो
निर्वाचन अधिकारी
मध्यप्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद